राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

प्रदेशभर में कांग्रेस बनाएगी 50 लाख सदस्य : गोविन्द सिंह डोटासरा

जयपुर, 18 जनवरी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के डिजीटल सदस्यता अभियान के प्रभारी श्री के. राजू द्वारा आज कांग्रेस पार्टी के प्रदेश में चलाए जाने वाले डिजीटल सदस्यता अभियान को लेकर प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में नियुक्त 2-2 कॉर्डिनेटरों के साथ वर्चुअल माध्यम से दोपहर 3.30 बजे बैठक आयोजित की गई।

प्रदेश कांग्रेस की ओर से आयोजित वर्चुअल बैठक में प्रदेश स्तर पर 11 स्टेट कॉर्डिनेटर्स नियुक्त कर संभागवार जिम्मेदारी दी गई, ये कॉर्डिनेटर्स विधानसभावार नियुक्त किए गए 2-2 पीओसी (पॉईन्ट ऑफ कॉन्टेक्ट) से समन्वय स्थापित करेंगे। साथ ही प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 7 चीफ एनरोलरों को नियुक्त किया जाएगा और प्रत्येक चीफ एनरोलर की 30-40 बूथों पर सदस्यता अभियान की जिम्मेदारी रहेगी। प्रदेश कांग्रेस की ओर से प्रदेश के 52 हजार 62 बूथों में प्रत्येक बूथ पर 100 लोगों को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसे बूथ स्तर पर नियुक्त 2 एनरोलरों के माध्यम से पूरा किया जाएगा।

प्रदेशाध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने बताया कि कांग्रेस पार्टी का सदस्यता अभियान 31 मार्च, 2022 तक चलेगा। इसमें पेपर मेम्बरशिप के साथ ही डिजीटल मेम्बरशिप का माध्यम भी रखा गया है जिसमें कोई भी व्यक्ति जो कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति तथा विचारधारा में विश्वास करता है वो सहज रूप से कांग्रेस सदस्यता ले सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रदेशभर में 50 लाख सदस्य जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेशभर में संभाग तथा विधानसभावार नियुक्त किए गए कॉर्डिनेटर्स प्रत्येक बूथ पर चीफ एनरोलर की भूमिका में काम करने वाले एनरोलरों से समन्वय स्थापित कर उनका सहयोग करेंगे। वर्चुअल बैठक को डिजीटल सदस्यता अभियान के प्रभारी श्री के.राजू द्वारा स्लाइड के माध्यम से विधानसभा एनरोलर्स को पूरी प्रक्रिया से अवगत करवाया गया और सांसद सुश्री जोथीमनी सेन्नीमलाई द्वारा कहा गया कि एनरोलर के रूप में महिलाओं को जिम्मेदारी देकर सदस्यता अभियान में महिलाओं को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ा जाए।

प्रदेश कांग्रेस की ओर से डिजीटल सदस्यता अभियान हेतु **जोधपुर संभाग** में प्रदेश कांग्रेस सचिव श्री सचिन सर्वटे, **उदयपुर संभाग** में श्री कमल शर्मा, **कोटा संभाग** में श्रीमती सायनतनी रॉय, **बीकानेर संभाग** में कैप्टन अरविन्द कुमार, श्री रघुवीर सिंह (सन्नी), **जयपुर संभाग** में श्री दिनेश सुण्डा, श्री राकेश सहारण, **भरतपुर संभाग** में श्री महेश अग्रवाल, श्री अवधेश बैरवा तथा **अजमेर संभाग** में श्री नरेश चौधरी व सुश्री पूजा वर्मा को स्टेट कॉर्डिनेटर नियुक्त किया गया है।

वर्चुअल बैठक में सांसद सुश्री जोथीमनी सेन्नीमलाई, प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष श्री सीताराम अग्रवाल, मुख्यालय सचिव श्री ललित तूनवाल उपस्थित रहे।

(आर. सी. चौधरी)
प्रवक्ता
मो. 9414052460

Created by Universal Document Converter

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 18 जनवरी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने प्रदेश में चल रहे कांग्रेस डिजिटल सदस्यता अभियान के लिये स्टेट कोर्डिनेटर्स की नियुक्ति की है।

प्रदेश कांग्रेस द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव श्री सचिन सर्वटे, कैप्टन अरविन्द कुमार, श्री दिनेश सूण्डा, श्री रघुवीर सिंह, श्री राकेश सहारण, श्री महेश अग्रवाल, श्री कमल शर्मा, सुश्री पूजा वर्मा, श्री नरेश चौधरी एवं श्रीमती सायनतनी रॉय को कांग्रेस डिजिटल सदस्यता अभियान के लिये स्टेट कोर्डिनेटर्स नियुक्त किया गया है।

स्टेट कॉर्डिनेटर्स के अलावा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में दो पीओसी एवं सात चीफ इनरोलर भी नियुक्त किये जा रहे हैं। पीओसी एवं चीफ इनरोलर प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त स्टेट कोर्डिनेटर्स से समन्वय स्थापित कर कांग्रेस डिजिटल सदस्यता अभियान का सुचारू रूप से संचालन करेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter